पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-23 सोमवार, दिनांक-28 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.33 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 22 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 12 तारांकित प्रश्न अनागत ।

प्रश्न संख्या 1943 के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष माननीय सदस्यगण कुछ क्षणों के लिए सदन से बहिर्गमन कर गए ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया :-

(i) श्री विजय कुमार सिन्हा
(ii) श्रीमती रंजु गीता
(iii) श्रीमती उषा सिन्हा
(iv) श्रीमती गुड्डी देवी
(v) डॉ० इजहार अहमद
(vi) श्री राजकुमार राय
(vii) श्री रामायण मांझी
(viii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ix) श्री विनोद प्रसाद यादव
(x) श्री दाउद अली
(xi) श्री गजानन्द शाही
(xii) श्रीमती लेशी सिंह
(xiii) श्री सत्यदेव सिंह
(xiv) श्री संजय सिंह 'टाईगर'
(xv) श्री तारकिशोर प्रसाद

श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री संजय सिंह 'टाईगर' द्वारा दिए गए शून्यकाल की सूचना पर सरकार द्वारा कहा गया कि इन मामलों को गंभीरता से लिया जायेगा ।

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों ने गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित दिनांक 23 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री रमेश ऋषिदेव एवं अन्य सभासदों के अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग से संबंधित दिनांक 23 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार मिश्र एवं अन्य सभासदों के निगरानी विभाग से संबंधित 24 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री संजय सिंह 'टाइगर' एवं अन्य सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 29.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(v) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 30.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 11.00 बजे पूर्वा० से 03.17 बजे अप० तक ।

(4) विधायी कार्य :- (A) राजकीय (वित्तीय) विधेयक :-

बिहार वित्त विधेयक, 2011 :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

विधेयक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(B) **राजकीय विधेयक** :- (i) **बिहार लोक सेवाओं का अधिकार विधेयक, 2011** :-

माननीय प्रभारी मंत्री सामान्य प्रशासन विभाग श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य डा० अब्दुल गफूर का दो संशोधन अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । स्वीकृति के प्रस्ताव पर माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना विचार रखा गया ।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया तथा पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(ii) बिहार प्रशासनिक न्यायाधिकरण विधेयक, 2011 :-

माननीय प्रभारी मंत्री सामान्य प्रशासन विभाग श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(iii) दण्ड प्रक्रिया संहिता (बिहार संशोधन) विधेयक, 2011 :-

माननीय प्रभारी मंत्री, विधि विभाग, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भी पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(5) निवेदन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 31 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 29 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।